तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 13 जून 2024



13 जिपं सीईओ ने पीएम आवास योजना के निर्माणकार्यों का लिया ...


12 विधायक निधि से बने सामुदायिक भवन पर ...




REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41


## खबर संक्षेप

### आज बालोद पहुंचेंगे सांसद भोजराज, निकाली जाएगी आभार रैली



**बालोद।** कांकेर लोकसभा से सांसद चुने जाने के बाद भोजराज नाग पहली बार 13 जून को बालोद पहुंचेंगे। उक्त अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद में जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत एवं आभार रैली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। मिली जानकारी के अनुसार रैली सरदार पटेल मैदान बालोद से शुरू होगी, जो घड़ी चौक, सदर रोड, गांधी चौक, बुधवारी बाजार, गणेश टॉकीज, महामाया मंदिर, मोखला मांझी मंदिर, मधु चौक से होते हुए जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा पहुंचेगी, जहां आभार सभा का आयोजन किया जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने जिले के सभी पदाधिकारियों, समस्त मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ता तथा नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### गायत्री जयंती व गंगा अवतरण दिवस पर 15 व 16 को होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद।** गायत्री जयंती और गंगा अवतरण दिवस पर गायत्री परिवाद बालोद द्वारा 15 और 16 जून को जिला मुख्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार गायत्री शक्ति पीठ बालोद में 15 जून को अखंड गायत्री महामंत्र जाप, 16 जून को प्रातः 5 बजे ज्योति जागृति और देव स्थापना, 5 कुण्डी गायत्री महायज्ञ प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक, 11 बजे से 1 बजे तक विचार गोष्ठी, 1 बजे से 2 बजे तक महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। उसके बाद दोपहर 3 बजे से ब्लाक स्तरीय व्यसन नशा मुक्ति रैली निकाली जाएगी। यह रैली गायत्री मंदिर से जयस्तंभ, मधु चौक, हलधर नाथ योगी चौक से सदर लाइन होते हुए पुराना बस स्टैंड से घड़ी चौक, गायत्री मंदिर तक भ्रमण करेगी।

### हथियार से धमका रहा बदमाश, गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलिस ने संडे मार्केट गुरूद्वारा के पीछे सुपेला के पास आम जगह में धारदार हथियार चापड लेकर आने-जाने वाले लोगो को डरा धमका रहे बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुखबीर सूचना के आधार पर संदेही को घेराबंदी का पकड़ा गया। संदेही से नाम पता पूछने पर अपना नाम दिलीप चैहान उर्फ टकला बताया जिनके कब्जे से एक धारदार चापड़ जप्त किया गया। आदर्शनगर सुपेला निवासी आरोपी दिलीप को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत यह कार्रवाई की।

### एससी/एसटी एसो और प्रबंधन के बीच बैठक

**भिलाई।** बीएसपी एससी/एसटी एम्पलाईज एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेल एस सी/एसटी फेडरेशन के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद और लाईजन ऑफिसर रोहित हरित वरि प्रबंधक आई आर एवं सी एल सी के बीच बैठक सम्पन्न हुई।लाइजन आफिसर को सौंपे ज्ञापन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकारी एवं कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों के निदान की मांग की गई।

**अव्यवस्था :** विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा भुगत रहे अंचल के लोग

# अव्यवस्थित ट्रांसफार्मरों से दुर्घटनाओं का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण ट्रांसफार्मर खराब होने तथा बार-बार बिजली बंद होने जैसी अन्य समस्याओं का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। दरअसल जिला मुख्यालय में जगह जगह लगे दर्जनों ट्रांसफार्मर अव्यवस्थित ढंग से लगे हुए हैं। ट्रांसफार्मर के अस्त-व्यस्त ढंग से लगे होने के कारण आम जनता और जानवरों को करंट लगने का खतरा बना हुआ है।

ट्रांसफार्मर के आसपास चारा चरने के दौरान करेंट लगने से कई बार गायों की मौत भी हो चुकी है लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर को व्यवस्थित तरीके से रखने सुध नहीं ले रहे हैं। शहर में अस्त व्यस्त ढंग से लगे ट्रांसफार्मर दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर के चारों ओर कांटेदार जाली या लोहे का बाउंड्रीवाल लगाई जाती है, ताकि कोई भी व्यक्ति ट्रांसफार्मर के नजदीक कचरा न डाल सकें, वहीं किसी भी तरह की घटना घटित न हो सके। यह स्थिति इस तरह की तस्वीरे प्रदेश भर के कई अलग अलग जिला मुख्यालयों में देखने को मिलेगा, लेकिन बालोद जिला मुख्यालय में इस तरह की तस्वीरें कहीं पर भी दिखाई नहीं देगी।






### ट्रांसफार्मर के ईदगिर्द कचरे के ढेर, खरपतवार भी

शहर में दर्जनों ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं जिनमें से अधिकांश जगहों पर ट्रांसफार्मर के सभी कीमती सामान व विद्युत सप्लाई के लिए मुख्य मशीन खुले में अस्त व्यस्त पड़े हुए हैं। ट्रांसफार्मर के आसपास कचरे का ढेर है। कहीं कहीं तो खरपतवार उग आए हैं, जिसकी सफाई तक नहीं कराई गई है। आरोप है कि ट्रांसफार्मर खराब होने का मुख्य कारण यही है कि विभाग द्वारा कीमती समानों की सही तरीके से देख रेख नहीं की जा रही है।

- ट्रांसफार्मर के पास घेरा नहीं होने से हमेशा बना रहता है करंट का खतरा



- करंट लगने के कारण कई बार मवेशियों की हो चुकी है मौत



### ट्रांसफार्मर के चारों ओर फेंसिंग जरूरी

शहर में जगह जगह ट्रांसफार्मर लगे हैं। ट्रांसफार्मर के पास लोग कचरे का ढेर न लगाएं तथा इससे होने वाले नुकसान से लोगों को बचाने के लिए लोहे की जालियां लगाई जानी चाहिए। बिजली सेवा को बेहतर बनाने के लिए ट्रांसफार्मर के व्यवस्थित ढंग से रखने की जरूरत है। विद्युत विभाग द्वारा फेंसिंग इसलिए कराना चाहिए, ताकि डिस्ट्रीब्यूशन बाक्स में होने वाली आगजनी को कम किया जा सके। साथ ही खुले डिस्ट्रीब्यूशन बाक्स से आसपास करंट से भी लोगों को बचाया जा सके।

### शार्टसर्किट से आग लगने का खतरा

बीते करीब तीन माह से ट्रांसफार्मर उड़ जाने या ट्रांसफार्मर के कई कीमती मशीनों में खराबी आ जाने जैसी समस्या कई बार सामने आई, जिसका खामियाजा घन्टों तक बिजली बंद रहने व शहरवासियों को परेशान होना पड़ा। आगामी मानसून में इसी तरह की स्थिति और सामने आने वाली है, क्योंकि ट्रांसफार्मर में लगे डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स जहां से विद्युत सप्लाई होता है, वह अस्त व्यस्त पड़ा हुआ है, जहां बारिश का पानी पड़ने या उन तक कचरा पहुंचने से शार्टसर्किट होने की आशंका बनी हुई है।

### संसाधन की कमी

ट्रांसफार्मर में घेराबंदी का प्रावधान नहीं है। लोगों को कचरा डालने से मना करते हैं, लेकिन लोग नहीं सुनते। कचरे से आग लगने की आशंका रहती है। बाक्स समय के साथ खराब हो जाता है जिसे बदलना रहता है, लेकिन संसाधन की कमी है।

- **एचके यादव,** सहायक अभियंता

# श्रद्धालुओं पर हमले की विहिप ने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिवखेड़ी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों के कायराना हमला करने व 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्रियों के मारे जाने से विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं व हिन्दू धर्म समाज में तीव्र आक्रोश है।

इस हमले के विरोध में बालोद जिला विहिप संगठन ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। विहिप ने पत्र जारी कर कहा है कि जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है।



उन्होंने कहा कि धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या करने की घटनाएं बढ़ी हैं। इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है।

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए राष्ट्रपति से इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश देने का आग्रह किया गया है तथा इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी कठोरता से समुचित इलाज हो ऐसा केन्द्र सरकार से सुनिश्चित कराने का आग्रह किया गया।

ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष विहिप बालोद बलराम गुप्ता, जिला मंत्री राज सोनी, जिला उपाध्यक्ष चौलेश देशमुख, मोनु सोनवानी, उमेश सेन, बोधन भट्ट, आकाश साहू, पुनिता मिश्रा, दीपिका साहू, हिना साहू, देविका रानी, ट्विंकल चक्रधारी, यामिनी यादव, पुष्पांजलि चंद्राकर, टेमेश्वरी देशमुख, दामिनी यादव, पूजा यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# घायल की मदद के बहाने बाइक पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने के बहाने ट्रक चालक और परिचालक घायल व्यक्ति की मोटर साइकिल लेकर फरार हो गए। घायल दयाप्रकाश चौहान ने दल्लीराजहरा थाना में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पंडरदल्ली राजहरा निवासी दयाप्रकाश चौहान 9 जून को तितुरडीह दुर्ग में अपने भांजे के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल के बाद रात को मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 24 पी 6302 से दल्ली राजहरा आ रहा था। इसी दौरान रात लगभग 11 बजे बालोद से दल्ली राजहरा आने वाले मुख्य मार्ग पर ग्राम जम्ही के पास रोड खराब होने के कारण मोटर सायकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। इससे उसके दोनों पैरों में चोट आ गई, जिसके कारण वह घायल अवस्था में वहीं बैठ गया। उसी बीच बालोद की ओर से 12 चक्का ट्रक आया। उसे घायल देखकर ट्रक का चालक व हेल्पर नीचे उतरे। उन्होंने उसे उठाकर गाडी के केबिन में बैठा लिया। चालक ने कहा कि हेल्पर आपकी गाड़ी लेकर आ जाएगा। उसके बाद ग्राम अरमुरकसा के पास उसे ट्रक से उतार दिया और कहा कि आपकी मोटर सायकल को हेल्पर लेकर आ रहा है, 10 मिनट बैठकर इंतजार करो। यह कहकर ट्रक चालक उसे उतार कर आगे दल्ली राजहरा की ओर निकल गए। घायल व्यक्ति अरमुरकसा में बैठकर अपनी मोटर सायकिल के आने का इंतजार करता रहा। काफी समय तक मोटर सायकिल नहीं आने पर उसने अपने साथी संजीव कुमार ठाकुर को फोन कर बुलाया और उनके साथ राजहरा वापस आया। घायल व्यक्ति ने उक्त मोटर सायकिल को अज्ञात ट्रक चालक और दो ट्रक हेल्पर पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

- पीड़ित ने ट्रक चालक व परिचालक के खिलाफ दल्लीराजहरा थाने में लिखाई रिपोर्ट

### बाइक व कार का घेरा बनाकर नदी किनारे जुआ

**भिलाई/ धमधा।** मुखबिर की सूचना पर धमधा पुलिस ने 10 जून की शाम करीब 7 बजे सोनेसरार गांव के करीब शिवनाथ नदी तट किनारे जुआ खेलते 12 लोगों को गिरप्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस ने बताया कि आरोपी बाइक और कार का घेरा बनाकर रात के अंधेरे में जुआ खेल रहे थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद गुपचुप तरीके से घेराबंदी की। आरोपियों से 75300 रुपए नगद और 16,0500 रुपए की बाइक और कार जब्त की है। पुलिस ने बताया कि कुछ आरोपी मौका देखकर भागने में सफल हो गए।

अवकाश के बाद प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की मांग को लेकर दिया आवेदन

# ग्रीष्मकालीन अवकाश में प्रशिक्षण का विरोध, शिक्षकों ने बीईओ से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान प्रशिक्षण लगाए जाने से आक्रोशित शिक्षकों ने बुधवार शाम डोंडी के बीईओ ऑफिस पहुंच कर ट्रेनिंग की तिथि आगे बढ़ाने की मांग की।

इस विषय पर जिला स्तर के अफसर को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। इस पर उक्त समय का निर्धारण राजधानी रायपुर से शिक्षा सचिव से होने का हवाला दिया गया। ज्ञात हो कि स्थानीय बुनियादी शाला परिसर में डोंडी



ब्लॉक के कुसुमकसा घोटिया और डोंडी जोन के 121 शिक्षकों का बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक एफएलएन विषय पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार से ही प्रारंभ हुआ है। इसमें कक्षा पहली से तीसरी तक अध्यापन कराने वाले डौंडी ब्लाक के 121 शिक्षकों का प्रशिक्षण बुनियादी शाला प्रांगण में चल रहा है। शिक्षकों का कहना है कि एक तो ग्रीष्मकालीन अवकाश में प्रशिक्षण लगाया गया है, वहीं दूसरी ओर गर्मी भी काफी ज्यादा है, ऐसे में प्रशिक्षण लगाना अनुचित है। इसके लिए शिक्षक मानसिक रूप से तैयार भी नहीं हैं। इसलिए इसकी तिथि आगे बढ़ाई जाए।

उन्होंने कहा कि हम प्रशिक्षण के विरोध में नहीं हैं, परंतु प्रशिक्षण शिविर ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद लगाया जाना चाहिए। शिक्षकों ने ही तय किया कि सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक की प्रशिक्षण में सम्मिलित होंगे।

# दल्ली राजहरा बस स्टैंड से दो किमी दूर दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिली यात्री बस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर से धनगांव जाने वाले मार्ग पर शास्त्रीनगर के पास गड्ढे में मंगलवार को देर रात एक यात्री बस पलट गई। हालांकि इससे किसी के हताहत होने के समाचार नहीं मिला है।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए टीआई एलपी जायसवाल ने बस के मैनेजर के हवाले से बताया कि बस को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा दल्लीराजहरा बस स्टैंड से चोरी कर उठा लिया था। संभवतः बस के पलटने के कारण वह उसे वहीं छोड़कर भाग गया। लोगों की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर छानबीन की। बहरहाल नगर के थाने में इस संबंध में किसी ने भी कोई मामला दर्ज नहीं कराया है। श्री जायसवाल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से जांच की जा रही है। यह बस जागीरदार ट्रांसपोर्ट राजनांदगांव की है, जो रात में दल्ली राजहरा में हाल्ट रहती है।

- रात में दल्लीराजहरा में रहती है बस, सुबह दूर मिलने से चोरी की जताई जा रही आशंका

सोसायटियों में किया जा रहा है बीज व उर्वरकों का वितरण

# खरीफ की तैयारियों में जुटे किसान, बारिश पूर्व खाद-बीज संग्रहण की कवायद जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मानसून के आगमन से पूर्व ही किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। खेतों की साफ सफाई के बाद अकरस जोताई शुरू हो गई है। वहीं, कई जगह खेतों में गोबर खाद फैलाने का कार्य तथा मेड़ व खेत समतलीकरण के कार्यों में जुटे हुए हैं। इसके साथ ही किसान बारिश शुरू होने से पहले ही खाद बीज की व्यवस्था में भी लगे हुए हैं। प्रमुख रूप से रासायनिक खाद का संग्रहण समय रहते कर लेना चाहते हैं, ताकि उन्हें बाद में उर्वरकों की कमी जैसी समस्या का सामना न करना पड़े।

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यूरिया खाद की मांग 28000 मीट्रिक टन है, जिसके विरुद्ध भंडारण 19556 मीट्रिक टन किया गया है। उसमें से 10859 मीट्रिक टन का वितरण किया जा चुका है तथा 8697



मीट्रिक टन शेष है। इसी तरह सुपरफासफेट खाद की मांग 7700 मिट्रिक टन है, जिसके विरुद्ध 6047 मिट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है और 2909 मिट्रिक टन खाद वितरण किया गया, जबकि शेष 3138 मिट्रिक टन है। पोटाश खाद की मांग 3700 मिट्रिक टन है, जिसके विरुद्ध 3395 मिट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, और वितरण 2206 मिट्रिक टन किया गया है, जबकि शेष 1189 मिट्रिक टन है। डीएपी खाद की मांग 17400 मिट्रिक टन है, जिसके विरुद्ध 9025 मिट्रिक टन खाद भंडारण किया गया है और वितरण 7355 मिट्रिक टन किया गया है जबकि शेष 1670 मिट्रिक टन है। इफ्को खाद की मांग 6000 मिट्रिक टन है, जिसके विरुद्ध 3493 मिट्रिक टन भंडारण किया गया है और वितरण 3089 मिट्रिक टन किया गया है, जबकि शेष 404 मिट्रिक टन है। इस तरह जिले में कुल खाद की मांग 62800 मिट्रिक टन है, जिसके विरुद्ध भंडारण 41516 मिट्रिक टन है और वितरण 26418 मिट्रिक टन किया गया है, जबकि शेष 15098 मिट्रिक टन स्टाक में है।

वहीं बीते वित्तीय वर्ष में 2023–24 में खाद पूर्ति का आंकड़ा बहुत ही ज्यादा है। यूरिया 36526 मिट्रिक टन, सुपर फासफेट 7729 मिट्रिक टन, पोटाश 3569 मिट्रिक टन, डीएपी 19058 मिट्रिक टन, इफ्को 5585 मिट्रिक टन था जबकि कुल खाद की पूर्ति 72467 मिट्रिक टन था। इससे आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में किसानों को उर्वरक खाद की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।


हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

